# ।। कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई ।।

## महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

फोन नं. 07744–220405 **Email – dcpurjn@gmail.com**

क्रमांक 3514 / मि.वा / मबावि / 2025–26 राजनांदगांव, दिनांक 23.01.2026

## // प्रेस विज्ञप्ति //

भारत शासन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, नया रायपुर से प्राप्त स्वीकृति अनुसार मिशन वात्सल्य योजना अतंर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित **जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के विभिन्न** पद पर संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से **दिनांक 10 फरवरी 2026 शाम 5:30 बजे** तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। पदों एवं आवेदन की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसीईट **www.rajnandgaon.gov.in** में एवं **जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, संयुक्त कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक** 11 में देखी जा सकती है।

23/1/26

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

पृ.क्र. 3515 / मि.वा / मबावि / 2025–26 राजनांदगांव, दिनांक 23.01.2026

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला राजनांदगांव को सादर सूचनार्थ।
3. सहायक संचालक, जनसंपर्क विभाग को अखबार में प्रकाशित करने हेतु अग्रेषित।
4. जिला सूचना एवं विज्ञापन अधिकारी, जिला राजनांदगांव को जिले के वेबसाइड में अपलोड करने हेतु अग्रेषित।

23/1/26

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

# कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई
## महिला एवं बाल विकास विभाग, राजनांदगांव
कलेक्ट्रेट परिसर, संयुक्त जिला कार्यालय भवन,जिला राजनांदगांव,(छ.ग.), 491441

क्रमांक 3521/मबावि/मि.वा./25–26 राजनांदगांव, दिनांक 23.01.2026

## //विज्ञापन//

**मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन**

भारत शासन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, नया रायपुर से प्राप्त स्वीकृति अनुसार मिशन वात्सल्य योजना के क्रियान्वयन हेतु **जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के विभिन्न** पद पर संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों से **दिनांक 10 फरवरी 2026 शाम 5:30 बजे** तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है:–

**01. जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति में रिक्त पदो का विवरण**

**जिला बाल संरक्षण इकाई में रिक्त पदो का विवरण**

| क. | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 01 | परामर्शदाता | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 18536/– |
| 02 | सामाजिक कार्यकर्ता | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 18536/– |
| 03. | आउटरीच वर्कर | 02 | 0 | 0 | 01 | 03 | 10592/– |

**किशोर न्याय बोर्ड, राजनांदगांव में रिक्त पदों का विवरण**

| क. | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 01 | सहायक सह डाटा एन्ट्री आपरेटर | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 11916/– |

**बालक कल्याण समिति, राजनांदगांव में रिक्त पदों का विवरण**

| क. | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 01 | सहायक सह डाटा एन्ट्री आपरेटर | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 11916/– |

क्रमशः....

## 02. शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में रिक्त पदों का विवरण

### शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालिका), राजनांदगांव (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए)

| क. | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 01 | पी.टी. इस्ट्रक्टर सह योग प्रशिक्षक | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 10000/- |
| 02 | सहायक सह रात्रि चौकीदार | 01 | 01 | 0 | 0 | 02 | 7944/- |

### शासकीय विशेष गृह (बालिका), राजनांदगांव (केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए)

| क. | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 01 | स्टोर कीपर सह लेखापाल | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 18536/- |
| 02 | पैरामेडिकल स्टाफ | 0 | 01 | 0 | 0 | 01 | 11916/- |

### शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक), राजनांदगांव

| क. | पदनाम | पद संख्या | | | | | निर्धारित एकमुश्त मासिक वेतन राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अना. | अ.ज.जा. | अ.जा. | अ.पि.व. | योग | |
| 01. | हाउस फादर | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 14564/- |
| 02. | पैरामेडिकल स्टाफ | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 11916/- |
| 03. | एजुकेटर | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 10000/- |
| 04. | पी.टी. इस्ट्रक्टर सह योग प्रशिक्षक | 0 | 0 | 0 | 01 | 01 | 10000/- |
| 05. | कला एवं क्राफ्ट सह संगीत शिक्षक | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 10000/- |
| 06. | रसोईया | 0 | 01 | 0 | 0 | 01 | 9930/- |
| 07. | सहायक सह चौकीदार | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 7944/- |
| 08. | हाउस कीपर | 0 | 0 | 0 | 01 | 01 | 7944/- |

क्रमशः....

03. पदवार शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल एवं वांछित अनुभव निम्नानुसार होगी –

## जिला बाल संरक्षण इकाई हेतु पदवार शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल एवं वांछित अनुभव

| पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| परामर्शदाता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजकार्य/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/जन स्वास्थ्य/काउंसलिंग में स्नातक एवं काउंसलिंग और संचार में पीजी डिप्लोमा | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सरकार/एनजीओ के साथ काम करने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान हो। |
| सामाजिक कार्यकर्ता | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजकार्य/समाजशास्त्र/सामाजिक विज्ञान मे स्नातक। | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | – |
| आउटरीच वर्कर | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/समकक्ष बोर्ड से 12 वीं उत्तीर्ण | अच्छा संचार कौशल | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं मे अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | – |
| सहायक सह डाटा एन्ट्री आपरेटर (किशोर न्याय बोर्ड एवं बालक कल्याण समिति) | कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा/सर्टिफिकेट के साथ किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/समकक्ष बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण। | हिन्दी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति। अंग्रेजी में 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति। | शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में अधिमानतः (Preferably) महिला बाल कल्याण के क्षेत्र में कम्प्यूटर पर कार्य करने का 01 वर्ष का कार्य अनुभव। | अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर पर कार्य करने का अनुभव/दक्षता अथवा अंग्रेजी टायपिंग उत्तीर्ण। |

## शासकीय बाल देखरेख संस्थाओ हेतु पदवार शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल एवं वांछित अनुभव

| पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| स्टोर कीपर सह लेखापाल | वाणिज्य/अर्थशास्त्र अथवा समकक्ष विषय में स्नातक अथवा सी.ए./आईसीडब्ल्यूए इंटर | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/टेली तथा कम्प्यूटर/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्थान/चार्टर्ड अकाउण्टेंट के फर्म में लेखा एवं लेखा संधारण का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव/आर्टिकल क्लर्क के रुप में 03 वर्ष का कार्यानुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषा का ज्ञान हो। |
| हाउस फादर | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/समाज विज्ञान/विधि या समकक्ष सामाजिक विषयों में स्नातक | कम्प्यूटर पर एम.एस. आफिस/वेब आधारित अन्य साफ्टवेयर में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। | शासकीय/अर्द्धशासकीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी/शासन से अनुदान प्राप्त बाल देखेरख संस्थाओं एवं चाईल्ड लाईन/बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य/किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य के रूप में बच्चों की देखभाल/संरक्षण/पुर्नवास/बाल कल्याण के क्षेत्र में कम से कम 2 वर्ष का कार्यानुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दीं भाषा का ज्ञान। |

क्रमशः....

| पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| पैरामेडिकल | एएनएम/एमपीडब्ल्यू अथवा शासन द्वारा निर्धारित संस्थान से उपयुक्त अवधि का नर्सिंग ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र। | – | शासकीय/अर्ध्दशासकीय/निजी चिकित्सालय में पैरामेडिकल स्टॉफ के रुप में 02 वर्ष का कार्यानुभव। | – |
| एजुकेटर | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं बी.एड | – | शासकीय/मान्यता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थान में शिक्षक/एजुकेटर के रूप में काम करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दीं भाषा का ज्ञान। |
| पी.टी. इस्ट्रक्टर सह योग प्रशिक्षक | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं एवं योग में डिग्री/डिप्लोमा/बीपीएड | – | शासकीय/मान्यता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थान में पी.टी. टीचर/ योगा प्रशिक्षक के रूप में काम करने का कम से कम 01 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दीं भाषा का ज्ञान। |
| कला एवं क्राफ्ट सह संगीत शिक्षक | मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12 वीं उत्तीर्ण | – | शासकीय/मान्यता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थान में कला/ क्रापट/संगीत शिक्षक के रूप में कम करने का कम से कम 02 वर्ष का अनुभव। | अंग्रेजी एवं हिन्दीं भाषा का ज्ञान। |
| रसोईया | आठवी पास | – | शासकीय/अर्ध्दशासकीय/निजी प्रतिष्ठित संस्थान में कम से कम 03 वर्ष का रसोईया का कार्यानुभव। | – |
| सहायक सह चौकीदार | पांचवी पास | – | शासकीय/अर्ध्दशासकीय/निजी प्रतिष्ठित संस्थान में कम से कम 02 वर्ष का चतुर्थ श्रेणी/चौकीदार का कार्यानुभव। | – |
| हाउस कीपर | पांचवी पास | – | शासकीय/अर्ध्दशासकीय/निजी प्रतिष्ठित संस्थान में कम से कम 02 वर्ष का चतुर्थ श्रेणी का कार्यानुभव। | – |

04. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य समस्त दस्तावेज आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक आवश्यक रुप से आवेदन के साथ संलग्न होना चाहिए अन्यथा आवेदन मान्य नही किया जावेगा। अंतिम तिथि पश्चात कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

05. आयु सीमा –

5.1 सभी पदों हेतु अभ्यर्थी की आयु 01 जनवरी 2026 को 21 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। इन पदों हेतु इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरुप आयु की छूट की पात्रता होगी, किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी।

क्रमशः....

5.2 सभी पदों पर अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे।

5.3 आयु प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण–पत्र अथवा 10वीं की अंकसूची मान्य होगा।

5.4 रसोईया के पद हेतु आयु के प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण–पत्र अथवा 08वीं की अंक सूची मान्य होगा।

5.5 सहायक सह चौकीदार, हाउस कीपर के पद हेतु आयु के प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण–पत्र अथवा 05वीं की अंक सूची मान्य होगा।

06. **निवास** :– अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य हैं। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये निवास प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

07. **पदों हेतु आरक्षण** :– संविदा नियुक्ति के लिए छ.ग. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 एवं उसके अधीन जारी नियम/निर्देश लागू होंगे। आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

08. जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति एवं बाल देखरेख संस्था अथवा मिशन वात्सल्य के कर्मचारी के रूप में कार्यरत होने के दौरान कदाचरण/वित्तीय अनियमित्ता सिध्द होने से कार्य से पृथक किये गये कर्मचारी अप्रात्र होंगे।

09. कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी।

10. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नही होगा/होगी। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात् यदि शासन को इस से समाधान हो जाये की ऐसे करने का पर्याप्त कारण हैं तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

**(टीप :– चयन हाने की स्थिति में कंडिका 09 एवं 10 के संबंध में चयनित अभ्यर्थी को रु. 50/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।)**

11. **अनुभव के संबंध में निर्देश निम्नानुसार हैं :–**

11.1 अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक अनुभव प्रमाण–पत्र मान्य होंगे।

11.2 किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण–पत्र अनुभव के रुप में मान्य नहीं किया जावेगा।

11.3 आवेदन के साथ संलग्न अनुभव प्रमाण–पत्र में उल्लेखित अवधि यथा दिनांक/माह/वर्ष का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

11.4 अनुभव प्रमाण–पत्र में पृथक–पृथक पद हेतु अनुभव का पृथक अवधि व पदवार स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

11.5 शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।

**(टीप :– आवेदक द्वारा आवेदन में दिये गये अनुभव को मान्य करने के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी (कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, राजनांदगांव) का निर्णय अंतिम होगा)**

12. प्राप्त आवेदन पत्रों में से पात्र आवेदकों का ही अंकीय प्रणाली के आधार पर मैरिट सूची तैयार करते हुए व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा (जहां लागू हो) के आधार पर चयन सूची तैयार किया जावेगा।

13. नियुक्ति प्राधिकारी जिला–कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, राजनांदगांव) नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी होंगे।

*क्रमश....*

**14. अंकीय प्रणाली :–** निर्धारित मापदण्डों के आधार पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर अभ्यर्थियों का प्रावीण्य सूची अंकीय प्रणाली के आधार पर तैयार किया गया जायेगा। मूल्यांकन हेतु अंको की गणना निम्नानुसार होगी :–

14.1 अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक के प्रतिशत पर 70 प्रतिशत अंक दिये जायेंगे।

14.2 निर्धारित न्यूनतम अनुभव पर कोई अंक देय नहीं होगा किंतु निर्धारित न्यूनतम अनुभव अवधि के पश्चात् प्रत्येक 01 वर्ष के कार्य अनुभव पर 02 अंक दिये जायेंगे, जो अधिकतम 10 अंक तक होगा।

14.3 उपरोक्त में से प्राप्त अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जायेगी।

14.4 व्यक्तिगत साक्षात्कार या कौशल परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित रहेंगे। जिन पदो पर व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा दोनो रखा जायेगा वह कौशल परीक्षा के लिए 10 अंक तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए 10 अंक होंगे।

14.5 अभ्यर्थियों के प्रावीण्य सूची में समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जावेगी। यदि उम्र भी समान हो तो न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी।

**15.** उपरोक्तानुसार अंकीय प्रणाली के आधार पर क्रमांक 14 के उप कंडिका 14.1 एवं 14.2 पर प्राप्त कुल अंको के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी। चयन हेतु प्रावीण्य सूची में से प्रत्येक पद के लिए एक अनुपात पांच (1:5) के अनुपात में व्यक्तिगत साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु आवेदकों को आमंत्रित किया जायेगा।

15.1 चयन समिति द्वारा उपरोक्तानुसार प्राप्त अंको के आधार पर समग्र प्रावीण्य सूची एवं प्रवर्गवार प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी। प्रावीण्य सूची में अपने प्रवर्ग में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियो का नियुक्ति आदेश नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा।

15.2 प्रत्येक पद के लिए 25 प्रतिशत अथवा 03 जो भी अधिक हो, अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जायेगा। चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची की वैधता चयन सूची प्रकाशन तिथि से 01 वर्ष रहेगी।

**16. नियुक्ति की अवधि :–**

16.1 इन समस्त पदों पर प्रथम बार में अधिकतम 03 वर्ष या भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि, जो भी पहले हो, की अवधि हेतु नियुक्त किया जायेगा।

16.2 जिला बाल संरक्षण इकाई/बालक कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल देखरेख संस्था में कार्य की आवश्यकता होने पर वार्षिक कार्य मूल्यांकन एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी की अनुशंसा के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर एक बार में संविदा सेवा अवधि अधिकतम 03 वर्ष के लिए ज़िला स्तर पर जिला कलेक्टर (पदेन अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति) द्वारा संविदा अवधि वृद्धि करने का निर्णय लिया जा सकेगा। संविदा वृद्धि नही किये ज़ाने की स्थिति में सेवा स्वमेंव समाप्त मानी जायेगी।

16.3 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। संविदा सेवा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर सेवा समाप्त की जा सकती है। विशेष परिस्थियों में बिना कारण बताये भी सेवा समाप्त की जा सकती है।

16.4 इन पदों की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोंपरांत पद समाप्त कर दिये जायेगें। पद समाप्ति के उपरांत इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

16.5 नियुक्ति के पश्चात् भी यदि नियुक्ति संबंधी अर्हताओं एवं शर्तो का पूरा नही करना पाया जाता है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

16.6 उपरोक्त समस्त पदों पर नियुक्ति कर्मचारी भारत सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत योजना के स्वीकृत पद है तथा भारत सरकार के दिशा–निर्देश, छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965, छ.ग. (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 एवं छ.ग. शासन महिला एवं बाल

क्रमशः....

विकास विभाग के पत्र क्रमांक 2489/239/सा./2023/50 दिनांक 04.10.2023 द्वारा जारी राज्य बाल संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ की मानव संसाधन नीति 2023 तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी नियम/निर्देशों द्वारा शासित होंगे।

**17. आवेदन के संबंध में निर्देश निम्नानुसार हैं :–**

17.1 आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप में जमा किया जावे। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे एवं इस संबंध में अभ्यर्थियों को कोई सूचना नही दी जायेगी।

17.2 प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है, लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता स्पष्ट रुप से अंकित होना चाहिए, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

17.3 किसी विशेष पद के लिए प्रवर्गवार पृथक–पृथक आवेदन नहीं किये जायेंगे।

17.4 आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किये जायेगें। आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।

17.5 आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए।

17.6 निर्धारित अर्हता एवं शर्तो को पूरा न करने पर चयन की किसी भी स्तर पर आवेदक का आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

17.7 आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये समस्त अभिलेख सत्यापन में जाली/गलत पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

18. मूल आवेदन जमा करने के पश्चात अथवा दावा आपत्ति के समय नवीन अभिलेख/दस्तावेज स्वीकार नही किये जायेंगे।

19. चयन संबंधी विवाद की दशा में नियोक्ता का निर्णय अंतिम होगा।

20. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजनांदगांव एवं कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई (मबावि), कलेक्ट्रेट परिसर, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 11, राजनांदगांव के सूचना पटल पर तथा जिले के वेबसाईट www.rjnandgaon.gov.in पर देखी जा सकती है।

21. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में सही पता, ई–मेल आई.डी व मोबाईल नंबर का उल्लेख किया जावे ताकि चयनित अभ्यर्थियों को सूचना दी जा सके।

**22. निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावे –**

- आवेदन पत्र कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई (मबावि), कलेक्ट्रेट परिसर, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, प्रथम तल, कक्ष क्रमांक 11, राजनांदगांव को पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेजा जाना होगा। कोई व्यक्तिगत आवेदन देने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.02.2026...... है।
- आवेदन पत्र का प्रारुप www.rajnandgaon.gov.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

टीप :– 1. दस्तावेज सत्यापन के समय समस्त वांछित दस्तावेजो की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।

2. व्यक्तिगत साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा–भत्ता आदि देय नही होगा।

**(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
राजनांदगांव,(छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
राजनांदगांव (छ.ग.)

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करें

1. आवेदित पद का नाम :— ..........................................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :— ..........................................................................

(अंग्रेजी में) :— ..........................................................................

3. पिता/पति का नाम :— ..........................................................................

4. स्थायी पता :— ..........................................................................

..........................................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :— ..........................................................................

..........................................दूरभाष/मोबाईल..........................................

ईमेल आईडी :— ..........................................................................

6. जन्मतिथि (अंकों में) :— ..........................................................................

(शब्दों में) :— ..........................................................................

7. दिनांक 01/01/2026 को आयु :— ..........................................................................

8. लिंग पुरूष/महिला :— ..........................................................................

9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति ...................................... वर्ग ....................

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :— ..................................................

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्तता :— ..........................................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि.............................. एवं जीवित बच्चों की संख्या :— .......

13. शैक्षणिक योग्यता :—(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि./संस्था का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– ....................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ....................................................................................

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण | | वेतन | पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

**16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची –**

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

**17. अन्य संलग्नकों का विवरण**

1..........................................................................

2..........................................................................

3..........................................................................

4..........................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

आवेदक का नाम ....................................

## <u>घोषणा–पत्र</u>

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान :– ............................

दिनांक :–............................